प्रेस्टो (PRESTO) कार्ड का **उपयोग** कैसे करें

1. कार्ड खरीदें

prestocard.ca पर जाकर प्रेस्टो कार्ड ऑनलाइन खरीदें या नीचे दिया कोई अन्य तरीका अपनाएं:
ब्रैम्पटन ट्रांजिट टर्मिनल्स (Brampton Transit terminals) या फैसिलिटीज:

- ब्रमालिया टर्मिनल (Bramalea Terminal) - 160 सेंट्रल पार्क ड्राइव
- डाउनटाउन टर्मिनल (Downtown Terminal) - 8 नेल्सन स्ट्रीट
- ब्रैम्पटन गेटवे टर्मिनल (Brampton Gateway Terminal) - 501 मेन स्ट्रीट साउथ
- ट्रिनिटी कॉमन टर्मिनल (Trinity Common Terminal) - 164 ग्रेट लेक बुलेवार्ड
- क्लार्क फैसिलिटी (Clark Facility) - 185 क्लार्क बुलेवार्ड

खरीद पर $6 डॉलर का जारी करने का शुल्क है जो वापस नहीं होगा।

2. अपने कार्ड को लोड करें

प्रेस्टो के साथ आप अपने कार्ड के साथ विभिन्न उत्पाद जोड़ने के लिए स्वतंत्र हैं। प्रेस्टो लोड के दो प्रकार हैं:

- **ई-पर्स मूल्य जोड़ें:** अपने प्रेस्टो कार्ड में न्यूनतम 10 डॉलर जोड़ें। आप अधिकतम 1000 डॉलर रख सकते हैं। आप जब सवार होते हैं, आपकी यात्रा का किराया आपके कार्ड में मौजूद बैलेंस से काट लिया जाता है।
- **मासिक/साप्ताहिक पास जोड़ें:** मासिक या साप्ताहिक पास से इसके सक्रिय रहने के दौरान आप असीमित यात्राएं कर सकते हैं।

3. अपना पास पंजीकृत करें

यदि आप अपना कार्ड पंजीकृत कराना चाहते हैं तो ब्रैम्पटन ट्रांजिट टर्मिनल या फैसलिटी से इसे खरीदने के बाद 24 घंटे इंतज़ार करें।

- **prestocard.ca** पर जाकर अपने कार्ड का ऑनलाइन पंजीकरण करें
- अपने प्रेस्टो कार्ड के ऑनलाइन पंजीकरण के बाद, पंजीकरण के 30 दिनों के भीतर अपने कार्ड को **किसी** प्रेस्टो यंत्र* से टैप करें। 30 दिनों के बाद आपका पंजीकरण समाप्त हो जाएगा। यदि आपका पंजीकरण समाप्त हो जाए तो अपना कार्ड पुनः शुरू करने के लिए 1-8-PRESTO-123 (1-877-378-6123) पर कॉल करें।

प्रेस्टो डिवाइसेज में शामिल है:

- ब्रैम्पटन ट्रांजिट टर्मिनल्स (Brampton Transit terminals) और फैसिलिटीज पर बैलेंस चेकर्स या ब्रैम्पटन ट्रांजिट (Brampton Transit)
- बसों में किराया भुगतान डिवाइसेज। यदि यह आपकी यात्रा का अंग है तो अपने पंजीकरण को सक्रिय करने के लिए केवल किराया भुगतान डिवाइस का उपयोग करें क्योंकि यह कार्ड टैप करते ही किराया काट लेगा। यदि

आप यात्रा नहीं कर रहे हों तो विकल्प के तौर पर आप शेष राशि भुगतान की जांच करने वाले का उपयोग कर सकते हैं।

ध्यान दें: यदि आप वयस्क हैं और अपने प्रेस्टो कार्ड का पंजीकरण नहीं करना चाहते हैं तो यह गुमनाम वयस्क कार्ड के रूप में रहेगा (देखें **अपना कार्ड पंजीकृत कराने के लाभ**)।

4. रियायती किराए सेट करना

छात्र एवं वरिष्ठ

यद्यपि यह अनुशंसा की जाती है कि आप अपना प्रेस्टो कार्ड पंजीकृत करें, छात्र या वरिष्ठ रियायती किराए के लिए गैरपंजीकृत कार्ड सेट किया जा सकता है। खरीद के समय ब्रैम्पटन ट्रांजिट टर्मिनल या फैसलिटी पर व्यक्तिगत रूप से रियायती किराए को सेट किया जा सकता है।

अतिरिक्त यात्रियों के भुगतान के लिए अपने प्रेस्टो कार्ड का उपयोग करें।

किराया भुगतान डिवाइस पर अपने प्रेस्टो कार्ड को टैप करने के बाद बस संचालक को सूचित करें कि आप अतिरिक्त यात्रियों के लिए भुगतान करना चाहेंगे। परिचालक अतिरिक्त यात्री दर्ज करेगा और किराया काटने के लिए आपसे परिचालक के प्रेस्टो डिवाइस पर टैप करने के लिए कहेगा।

ध्यान दें: अतिरिक्त यात्रियों की वयस्क ई-पर्स किराए की कीमत लगेगी।

अपने कार्ड के पंजीकरण के लाभ

अपने कार्ड का पंजीकरण कर आप कर सकते हैं:

यदि आपका कार्ड गुम या चोरी हो जाए तो अपनी शेष राशि सुरक्षित रखें। आप अपने कार्ड को अवरोधित कर सकते हैं और शेष राशि बदले में लिए गए दूसरे कार्ड में ट्रांसफर कर सकते हैं।

- गुम कार्ड की सूचना प्रेस्टो को दें और इसे अवरोधित कराएं। कार्ड गुम होने की सूचना देने के 24 घंटे के भीतर रकम के खर्च के आप जिम्मेदार होंगे।
- आपको एक स्थानापन्न कार्ड खरीदना चाहिए और इसमें कम से कम 10 डॉलर डलवाना चाहिए।
- अपना नया कार्ड पंजीकृत न करें। कार्ड अवरोधित कराने एवं नया प्राप्त करने के 24 घंटे के बाद पुराने कार्ड से फंड के ट्रांसफर के लिए प्रेस्टो कॉल सेंटर 1-8-PRESTO-123 (1-877-378-6123) पर कॉल करें।

अपने कार्ड को स्वतः फिर से लोड करने के लिए ऑटोलोड या ऑटोरीन्यू सेट करें।

- जब आपका ई-पर्स बैलेंस आपके द्वारा चुनी डॉलर राशि से कम हो जाए तो ऑटोलोड स्वतः आपके बैंक खाते या क्रेडिट कार्ड से आपके प्रेस्टो कार्ड को लोड कर देता है।
- हालांकि, यह डॉलर राशि $5 से $60 के बीच होनी चाहिए। ऑटोलोड की न्यूनतम राशि $20 डॉलर है, जो अधिकतम $980 तक है।

ध्यान दें: प्रेस्टो बिना सूचना दिए के न्यूनतम या अधिकतम राशि में बदलाव कर सकता है। आपका नया बैलेंस तुरंत आपके कार्ड पर दिखाई देगा

आयकर उद्देश्यों के लिए ट्रांजिट उपयोग रिपोर्ट हासिल करें।

- संघीय कर क्रेडिट के लिए केवल पंजीकृत कार्ड ही पात्र होंगे।

- एक अबाध अवधि के दौरान जो 31 दिन से अधिक न हो एकल ट्रांजिट प्रणाली के तहत अपने प्रेस्टो कार्ड का उपयोग कम से कम 32 एकतरफा दौरों के लिए करें। कर भरने के समय कर उद्येश्यों से आप प्रेस्टो की वेबसाइट से उपयोग विवरण का प्रिंट ले सकेंगे।

अपने लेनदेन इतिहास की समीक्षा करें।

- पंजीकृत कार्डों के तीन महीने का लेनदेन इतिहास ऑनलाइन उपलब्ध है। इसे देखने के लिए अपने खाते में लॉग इन करें।

आपातकालीन यात्रा

- पर्याप्त फंड के अभाव में भी पंजीकृत कार्डधारक एकल टैप ऑन के हकदार हैं और जारी होने के समय से दो घंटे के लिए ट्रांसफर प्राप्त करते हैं।
- कार्ड ऋणात्मक बैलेंस में चला जाएगा और अगली बार जब आप अपने कार्ड को लोड करेंगे तो यह स्वतः बराबर हो जाएगा। रीलोड के समय ऋणात्मक ई-पर्स निपटान 0.25 डॉलर है।

ध्यान दें: यदि आप वयस्क हैं और आपका कार्ड पंजीकृत नहीं है, तो आप आपातकालीन यात्रा के लिए हकदार नहीं हैं।

किराया भुगतान डिवाइस

बैलेंस चेकर

प्रेस्टो से संपर्क करें

फोन: 1-8-**PRESTO**-123 (1-877-378-6123)

वेबसाइट: **presto.ca**

Brampton Transit